हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त 2025

**तापमान**

अधिकतम 33 .2 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री

11 डाइट में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन



12 करोड़ों रुपये की लागत से लगाई लाइटें टेकओवर करने को नहीं कोई तैयार, रोशन नहीं हो रहा बाइपास



### स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कहा जियो फेसिंग एप उनकी निजता का उल्लंघन, फरमान जल्द वापस नहीं लिया गया तो होगा बड़ा आंदोलन

# जियो फेसिंग हाजरी के विरोध में डॉक्टर्स सहित स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल, एक घंटे में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में हड़ताल पर बैठे डॉक्टर्स व स्वास्थ्यकर्मी।



रेवाड़ी। हड़ताल के दौरान जनरल ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़।



रेवाड़ी। हड़ताल के दौरान नेत्र जांच ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी के बैनर तले नागरिक अस्पताल में डॉक्टर्स, नर्स व लैब टेक्नीशियन सहित सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार के जियो फेसिंग हाजरी के फरमान के विरोध में एक घंटे की सामुहिक हड़ताल की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग की एचसीएमएस एसोसिएशन, डेंटल सर्जन एसोसिएशन,लेब टेक्नीशियन एसोसिएशन, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन, एमएचएम कर्मचारी संघ एवं बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की शत-प्रतिशत सहभागिता रही। स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार की ओर से हाजरी के लिए अनिवार्य किए गए जियो फेसिंग एप का पुरजोर विरोध किया। हड़ताल के कारण नागरिक अस्पताल में इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर ओपीडी सहित सभी सेवाएं एक घंटे बाधित रही। तालमेल कमेटी के पदाधिकारियों ने सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी बात नहीं मानी, तो 10 अगस्त को होने वाली बैठक में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। हड़ताल के दौरान तालमेल कमेटी के वक्ताओं ने कहा कि जियो फेसिंग एप उनकी निजता का उल्लंघन करता है, क्योंकि मोबाइल उनकी निजी संपत्ति है और इसमें एप इंस्टॉल कर उनकी लोकेशन व निजी डेटा तक सरकार की पहुंच बनाना संविधान और व्यक्तिगत अधिकारों का हनन है। कर्मचारियों ने कहा कि पहले की तरह बायोमैट्रिक हाजिरी ही पर्याप्त थी, फिर इस नए तकनीकी माध्यम की आवश्यकता किस लिए है। तकनीकी खामियों के चलते हाजिरी प्रभावित हो सकती है और बिना किसी गलती के कर्मचारियों को अनुपस्थित मान लिया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि अगर सरकार को जियो फेसिंग एप लागू करना है तो उनको अलग से मोबाइल उपलब्ध कराया जाए, जिसमें उनको कोई आपत्ति नहीं है। कर्मचारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जल्द जियो फेसिंग एप के फरमान को वापस नहीं लिया गया तो अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने से स्वास्थ्य मंत्री व उच्च अधिकारियों से ज्ञापन के माध्यम व मिलकर जियो फेसिंग हाजरी को बंद करने की अपील की जा चुकी है, लेकिन सरकार अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है।

#### जियो फेसिंग के बताए नुकसान

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कहा कि मोबाइल उनकी निजी संपत्ति है और उसमें एप इंस्टॉल कराकर उनकी लोकेशन और निजी डेटा सरकार तक जा रहा है जो कि अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि जियो फेसिंग एप के जरिए हाजिरी लगाने का विरोध जताया है और कहा कि ये उन्हें बिल्कुल मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में साइबर क्राइम चरम पर है। मोबाइल में जियो फेसिंग एप इंस्टाल करने से उनकी निजी जानकारी सार्वजनिक हो सकती है, जिससे साइबर ठग भी फायदा उठा सकते है।

#### ये रहे हड़ताल के दौरान मौजूद

हड़ताल के दौरान एचसीएमएस की प्रधान डा. सुधा यादव, एमपीएचई एसोसिएशन के प्रधान विरेन्द्र यादव, एमएचएम के प्रधान रविन्द्र यादव, नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की प्रधान निर्मल यादव व रेडियोग्राफर प्रधान धर्मेन्द्र सहित डा. मनीष यादव, डा. विधासागर, डा. अनिल यादव, डा. दीपक वर्मा, डा. कंचन यादव, डा. धर्मेन्द्र, डा. अशोक रंगा, डा. सुरेन्द्र यादव व डा. वंदना मलिक सहित सभी डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। शिव मंदिर में सजी श्री श्याम बाबा की प्रतिमा। फोटो :हरिभूमि

### नई अनाजमंडी में श्री श्याम बाबा का 119वां संकीर्तन आज

**रेवाड़ी।** नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में एकादशी के अवसर पर 5 अगस्त को श्री श्याम बाबा के 119वें संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। श्रीश्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित संकीर्तन में सीकर राजस्थान से भजन गायक बिजेन्द्र भार्गव व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। 6 अगस्त को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### मारपीट मामले में दंपति किए गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सुभाष बस्ती में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल के बयान पर रामपुरा थाना पुलिस ने गत 1 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने दंपति पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने मुकेश और उसकी पत्नी पिंकी को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के तीन आरोपी चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रोहतक रोड पर 18 जुलाई को हुए एक्सिडेंट के मामले में रोहतक के समचाना निवासी चांदवीर को गिरफ्तार किया है। 16 मार्च को हुए हादसे में आरोपी नैचाना निवासी अशोक को गिरफ्तार किया है। थाना जाटूसाना पुलिस ने 15 मार्च को हुए हादसे में चालक राजकरण को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से गाड़ियां भी बरामद की गई हैं।

### देहलावास गुलाबपुरा में मेला सात को

**नांगल मूंदी।** गांव देहलावास गुलाबपुरा में 7अगस्त को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा धर्मदेव के मंदिर परिसर में मेला, भंडारा, वॉलीवाल प्रतियोगिता और रागनी कम्पीटिशन होगा। मेला प्रबंधन कमेटी के अनुसार इस मौके पर मुख्य कलाकार अमित चौधरी, छम्मा तिवारी, आरती भूरिया, मंजू यादव डांसर की और से बाबा धर्मदेव का भजनों से गुणगान करेंगे। उन्होंने आसपास के गांवों के लोगों से मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### बिजली उपभोक्ताओं की सुनवाई कल

**खोरी।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा करने के लिए 6 अगस्त को पाली गोठड़ा पावर सब स्टेशन में जीसीआरएफ की बैठक आयोजित की जाएगी। निगम के एसडीओ ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता अर्ध शहरी सब डिविजन के एक्सईएन करेंगे। बैठक में सब डिविजन के अधीन आने वाले बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही समाधान कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है।



### ब्लॉक स्तरीय साइंस प्रतियोगिता में नयाशा को मिला पहला स्थान

**खोरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय साइंस सेमिनार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय था क्वांटम युग का आगाज, संभावनाएं एवं चुनौतियां था। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने विचारों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। न्यू एरा सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा नयाशा गांव ढाणी शोभा ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन नरेंद्र कुमार ने नयाशा को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का कार्य करती हैं और नयाशा की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

### एचटी लाइन के करंट की चपेट में आकर ठेकेदार की मौत

**रेवाड़ी।** बीकानेर गांव में निर्माणाधीन मकान की शटरिंग कर रहे एक ठेकेदार की एचटी लाइन के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस करंट लगने के कारणों की जांच कर रही है। राजस्थान के झालरा का रहने वाला महेश सहरावत भवन निर्माण के समय शटरिंग कार्य करने का ठेका लेता था। वह अजय नगर कॉलोनी में परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा था। उसने बीकानेर गांव में एक निर्माणाधीन मकान में शटरिंग का कार्य शुरू किया हुआ था। मकान के पास से ही 11 केवी क्षमता की बिजली लाइन गुजर रही है। उसकी तारों पर रबड़ चढ़ाया हुआ है। एक स्थान से रबर खिसका हुआ था। महेश रबड़ को पाइप से खिसकाने लगा, तो करंट की चपेट में आकर गिर पड़ा। मकान मालिक ने उसे गंभीरावस्था में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने करंट लगने वाले स्थान का मुआयना किया। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

## पुलिस ने 960 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर दबोचा

■ पुलिस ने कापड़ीवास 75 मीटर वाले रोड पर नाकाबंदी करके आरोपी को काबू कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों की धपकड़ व नशा गतिविधियों पर रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 960 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला गुरुग्राम के पटौदी की धारा कालोनी निवासी मनीपाल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी पीएसआई संजय कुमार ने बताया कि गत 3 अगस्त को एसआई सुनील कुमार गस्त के दौरान अपनी टीम के साथ कापडीवास फ्लाईओवर के पास मौजूद थे कि सूचना मिली कि मनीपाल निवासी धारा कॉलोनी पटौदी जिला गुरुग्राम नशीला पदार्थ गांजा बेचने का अवैध काम करता है तथा स्कूटी पर भिवाड़ी से कापड़ीवास की तरफ आ रहा है। पुलिस ने कापड़ीवास 75 मीटर वाले रोड पर नाकाबंदी करके आरोपी को काबू कर लिया। नोडल अधिकारी प्रदीप एईटीओ की निगरानी में आरोपी की स्कूटी की तलाशी लेने पर डिग्गी से 960 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। फोटो :हरिभूमि

## अवैध हथियार के साथ सीआईए के हत्थे चढ़ा एक आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए ने रामगढ़ रोड फ्लाईओवर के पास एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सदर पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। सीआईए को सूचना मिली थी कि राजस्थान के बीरनवास निवासी समीर के पास देशी पिस्टल है। वह रामगढ़ से रेवाड़ी की ओर निकलने वाला है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम रामगढ़ रोड फ्लाईओवर के पास पहुंच गई। रामगढ़ की ओर से आ रहे एक युवक ने पुलिस को देखकर वापस भागने का प्रयास किया, परंतु सीआईए की टीम ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम बीरनवास निवासी समीर बताया। सीआईए ने उसके खिलाफ सदर पुलिस थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कराते हुए पूछताछ शुरू कर दी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी समीर।

## आईजीयू में बी-फार्मेसी प्रवेश परीक्षा का हुआ आयोजन

■ ऑनलाइन कंप्यूटर एंट्रेंस टेस्ट 8 अगस्त तक जारी रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से हरियाणा प्रदेश में बी-फार्मेसी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन कंप्यूटर एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन सोमवार से शुरू हो गया। ऑनलाइन कंप्यूटर एंट्रेंस टेस्ट 8 अगस्त तक जारी रहेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. सतिंदर बल गुप्ता ने बताया कि आईजीयू में कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग स्तर पर यह परीक्षा वर्ष 2014 से आयोजित की जा रही है और इसमें सफलता प्राप्त कर राज्य के कई छात्र उच्च शैक्षणिक संस्थानों में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयनित हो चुके हैं। प्रो. सविता श्योराण ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी के नेतृत्व तथा कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह एवं अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार के मार्गदर्शन में परीक्षा कराई जा रही है। कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सभी संकाय सदस्य एवं तकनीकी स्टाफ सहायकों सहित पूरी टीम ने परीक्षा आयोजन में सहयोग दिया। कंप्यूटर साइंस विभाग के एमसीए के तीन विद्यार्थी प्रियंका यादव, रोहित यादव और चेतना ने हाल ही में आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय और विभाग का नाम रोशन किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. सतिंदर बल गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निरंतर मार्गदर्शन दिया जाता रहा है। रोहित यादव, प्रियंका यादव और चेतना की सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रो. सविता श्योराण ने बताया कि विभाग समय-समय पर विशेष कार्यशालाओं, टेस्ट सीरीज और गाइडेंस सेशन्स का आयोजन करता है, छात्रों को सही दिशा में तैयारी करने का अवसर मिलता है। कंप्यूटर साइंस विभाग में नए सत्र 2025-26 के लिए एमसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया भी जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 14 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।



रेवाड़ी। आईजीयू में प्रवेश परीक्षा देते हुए विद्यार्थी।

### आसमान में लगातार छा रहे गहरे बादल, मौसम साफ होने की अभी संभावना नहीं

## बूंदाबांदी तक सीमित रहा मौसम, उमस से नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सुबह से लेकर शाम तक आसमान में बादल छाए रहते हैं, लेकिन अच्छी बरसात नहीं हो रही है। बूंदाबांदी के बावजूद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। बादल छंटने के बाद कुछ देर के लिए निकलने वाली धूप उमस बढ़ाने का काम करती है। एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस सप्ताह के मध्य एक बार फिर से बरसात की संभावना जताई जा रही है। रविवार की रात जिले के कई भागों में हल्की बरसात और बूंदाबांदी हुई। सोमवार सुबह आसमान में घने बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में बौछारें भी गिरीं। दोपहर के समय एक बार बादल छंटने के बाद धूप खिली, लेकिन बाद में फिर से आसमान में बादल गहरा गए। अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री की मामूली कमी के साथ 33.2 डिग्री सेल्सिस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 22.5 डिग्री पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 77 फीसदी तक रहा, जबकि 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। तेज धूप निकलने के बाद वातावरण में उमस पैदा हो गई। उमस से छुटकारा अच्छी बरसात के बाद मिलता है। बरसात के बाद फिर से उमस भरी गर्मी परेशान करना शुरू कर देती है। वातावरण में नमी के कारण सड़ी हुई गर्मी से लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है। आलम यह है कि कूलरों की हवा तक काम नहीं कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह भी मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। सप्ताह के मध्य हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। आसमान में लगातार बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहने की संभावना है। सावन माह बीतने में अभी तीन दिन का समय शेष बचा हुआ है। इसके बाद उमस भरी गर्मी ज्यादा परेशान कर सकती है।



रेवाड़ी। एक खेत में बाजरे में आई बालियां। फोटो :हरिभूमि

#### बिजली की खपत में होने लगी वृद्धि

मौसम में बदलाव के साथ ही बिजली की खपत में भी वृद्धि होना शुरू हो गया है। कृषि क्षेत्र में बिजली की डिमांड शुरू हो गई है, जिससे बिजली की खपत बढ़कर 80 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। आपूर्ति पर्याप्त होने के कारण इस समय पावर कट नहीं लग रहे हैं, परंतु आने वाले दिनों में मांग बढ़ते ही पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है। इसके विपरीत अगर बीच में अच्छी बारिश होती है, तो इससे बिजली की खपत एक बार फिर कम हो जाएगी। इस सप्ताह बारिश नहीं हुई, तो कृषि क्षेत्र में फसल सिंचाई के लिए बिजली की मांग बढ़ जाएगी।

### निमोठ में खेत से ट्रैक्टर ट्रॉली ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

निमोठ में चोर एक खेत में खड़ी किसान की ट्रॉली चोरी कर ले गए। डहीना पुलिस चौकी को चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। जैनाबाद निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने निमोठ की सीमा में जमीन ली हुई है, जिस पर उसका ट्यूबवेल बना हुआ है। उसने अपनी ट्रॉली खेत में सड़क के किनारे खड़ी की हुई थी। सुबह के समय जब वह खेत में गया तो उसे ट्रॉली नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी ट्रॉली का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी की जांच शुरू कर दी।



विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त

# रक्षाबंधन
## कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

### एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

### हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

### बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'




### रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

### राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है।



## भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन

रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।



### ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



### राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

### ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है।

बदलाव
मधु सिंह

पारंपरिक तौर पर भले ही रक्षाबंधन पर बहनें ही भाई को राखी बांधती हैं। लेकिन नए दौर में अब कई बहनें भी आपस में एक-दूसरे को राखी बांधने लगी हैं। यह नई परंपरा बहनों के बीच आपसी स्नेह और जुड़ाव को और मजबूत भी बना रही है।

## अब केवल भाइयों को ही नहीं बहनों को भी बांध रही हैं राखी



नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक-दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगी भरी बयार सबको सुखद लग रही है, इसीलिए यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

**रक्षा की नई परिभाषा:** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलो-दिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाए बहन, भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की एक चौथाई अवधि बीत जाने के बाद भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी-खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का बढ़ा दायरा:** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक-दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं।' चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक-दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक-दूसरे की ढाल भी बन रही हैं। इसलिए राखी के रिश्ते में यह परिवर्तन स्वाभाविक है।

**पारंपरिक संवेदना की नई ऊर्जा :** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंड भर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। इससे साबित होता है कि राखी अब केवल भौतिक रक्षा का ही प्रतीक नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश देता है।

**रिश्ते बन रहे प्रगाढ़:** बहनों के एक-दूसरे को राखी बांधने की यह नई परंपरा, बहनों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। बहनें, एक-दूसरे के दुख में संबल बन खड़ी हो रही हैं। खुशियों में उल्लास और उमंग से शामिल हो रही हैं। वैसे भी बचपन की दहलीज पार करने के बाद बहनें जब किशोरावस्था और युवावस्था में कदम रखती हैं तो वे एक-दूसरे की सबसे विश्वस्त सखी-सहेली बन जाती हैं। अपनी वो बातें भी आपस में शेयर करने लगती हैं, जिसे मम्मी-पापा से नहीं कह पाती हैं। उन्हें यकीन होता है कि उनकी बहन हर स्थिति को समझकर सबसे उपयुक्त सलाह जरूर देगी। स्ट्रेस या चिंताओं से उन्हें उबार लेगी। यानी बहनों के रिश्ते को गहन बनाने में आपस में राखी बांधने की नई परंपरा, बड़ी भूमिका निभा रही है।



### नई पीढ़ी-नई पहचान

साल 2025 में बहनें रक्षा के लिए किसी की याचक नहीं हैं बल्कि वह संदेश दे रही हैं कि बहनें अब बहनों की रक्षा खुद कर लेंगी। इसलिए वे आज एक-दूसरे को राखी बांध रही हैं। यह एक नई परंपरा ही नहीं बल्कि सोच में स्थाई बदलाव की दस्तक है। वह दस्तक जो कहती है कि हम बहनें हैं, हम साथ हैं और एक-दूसरे की रक्षा करना हमारे रिश्ते की सुंदर परिभाषा है।

मेकअप
मानसी

## फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशन:** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।

**प्राइमर और फाउंडेशन:** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फाउंडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।



**आई मेकअप:** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।

**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसी:** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएं:** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।

## आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली



परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।

**चुनरी का फैब्रिक:** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटा:** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें या फिर क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिरर:** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। इससे थाली बेहद सुंदर नजर आएगी।

**लेस और लटकन:** आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे लेस को चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा सकती हैं।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

**खबर संक्षेप**



रेवाड़ी। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक लेते एसडीएम विजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक

**कोसली।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कोसली एसडीएम विजय कुमार यादव ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक ली। एसडीएम ने कहा की राजीव गांधी खेल स्टेडियम परिसर कोसली में 15 अगस्त को भारत की आजादी का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण राष्ट्रीय गरिमा एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप मनाया जाएगा। समारोह में मार्च पास्ट व स्कूली बच्चों द्वारा लोक संस्कृति तथा देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने विभाग अनुसार अधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन में सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें।

## महिला से अश्लील हरकत पर युवकों पर केस दर्ज

**कोसली ।** कोसली गांव की एक महिला ने दो अज्ञात युवकों पर अश्लील हरकत करने व मारपीट का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को कोसली स्टेशन से घर की तरफ गांव कोसली आ रही थी। कोसली गांव के बस स्टैंड पर अपना सामान लेने रुकी थी कि दो अजनबी लड़के उनकी तरफ अश्लीील हरकतें करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उनके साथ मारपीट की। बस स्टैंड के दुकानदारों ने महिला को बचाया। पुलिस ने महिला शिकायत पर अज्ञात युवकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## श्रावण माह का पुत्रदा एकादशी व्रत आज

**रेवाड़ी ।** सनातन धर्म में पुत्रदा एकादशी का बड़ा महत्व है। इस दिन तुलसी पूजन करना लाभकारी माना जाता है। भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि वास करती हैं। इस बार पुत्रदा एकादशी कल यानि कि 5 अगस्त को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य प्र. रामदत्त शर्मा झाड़ौदा वाले का कहना है कि सनातन शास्त्रों में निहित है कि श्रावण पुत्रदा एकादशी व्रत करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है।

### निबंध, नारा लेखन, भाषण, कार्टून बनाना, वाद विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुई

# डाइट में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विभिन्न खड़ों से 47 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में छुपी हुई विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। व प्रतियोगिता के विजेता अतिथियों व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

जनसंख्या प्रकोष्ठ, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम हरियाणा एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर की जिला संसाधन इकाई के संयुक्त तत्वावधान में डाइट में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन, नारा लेखन, भाषण, कार्टून बनाना, वाद विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के खंड स्तरीय विजेता विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिताओं का आयोजन डाइट प्राचार्य सुभाष चंद्र यादव के नेतृत्व व जिला संसाधन इकाई की संयोजक डा. सरोज यादव वरिष्ठ प्राध्यापिका के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्य डा. यादव ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में छुपी हुई विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान कर उन्हें जिला, राज्य और राष्ट्र स्तर तक पहुंचाना है। प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न खंडों के 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संस्थान के प्राध्यापकों में डा. नीरेन पाल प्राध्यापक हिंदी तथा अशोक यादव प्राध्यापक गणित ने पोस्टर मेकिंग, डा. संगीता प्राध्यापिका हिंदी, जितेन्द्र सिंह प्राध्यापक कला शिक्षा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी बोलनी ने कार्टून बनाना, हवा सिंह प्राध्यापक जीव विज्ञान एवं डा. जगदीश प्रसाद प्राध्यापक संस्कृत ने नारा लेखन, धर्मेंद्र यादव प्राध्यापक रसायन शास्त्र व जितेंद्र सिंह प्राध्यापक भौतिकी ने निबंध लेखन, सरिता प्राध्यापिका हिंदी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी बोलनी व सत्यपाल प्राध्यापक अंग्रेजी ने वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। संस्थान के मनोविज्ञान प्राध्यापक दीपक कुमार व रितु प्राध्यापिका रसायन शास्त्र ने अंतिम परिणाम तैयार करने में भूमिका निभाई। डा. सुरेंद्र कुमार प्राध्यापक हिंदी व दीपक कुमार ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. बीर सिंह ने शिक्षकों से छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने में योगदान देने का आह्वान किया।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

निबंध लेखन में कक्षा 6 से 8 में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बावल से अंजलि ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहारनवास से आयशु ने द्वितीय और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ से रितु चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में कक्षा 9 से 12 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमएम भालखी से आरती ने प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ततारपुर इस्तमुरार से प्रिया ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटूसाना से मोना ने तृतीय, नारा लेखन में 6 से 8 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर पदियावास से दीपिका ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमएम भालखी से प्रिंस ने द्वितीय और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ से दीपांशी ने तृतीय, नारा लेखन में 9 से 12 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा से पूनम ने प्रथम, पीम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास से प्रेरणा ने द्वितीय और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल से मुस्कान ने तृतीय, कार्टून बनाने में कक्षा 6 से 8 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहारनवास से स्नेहा ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर पदियावास से स्नेहा ने द्वितीय तथा कार्टून बनाने में कक्षा 9 से 12 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहारनवास से एकमात्र प्रतिभागी रोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### इन्होंने योगदान दिया

पोस्टर मेकिंग में कक्षा 6 से 8 में राजकीय उच्च विद्यालय झोलरी से खुशी ने प्रथम, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बावल से शिक्षा ने द्वितीय, पोस्टर मेकिंग में कक्षा 9 से 12 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुड्डी से अनुष्का ने प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल से रश्मि ने द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटूसाना से मुस्कान ने तृतीय, वाद विवाद में कक्षा 6 से 8 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल से रितु व ओवी ने प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ से यजुर्व व अंजलि ने द्वितीय और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर से पूर्ति व भावना ने तृतीय तथा वाद विवाद में कक्षा 9 से 12 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहारनवास से योगेश व उदय ने प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ से नेहा व कुसुमलता ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा से यक्षरा व दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. रामफल शास्त्री ने सभी का धन्यवाद किया। प्रतियोगिताओं के आयोजन में डाइट हुसैनपुर से यशपाल, संजीव कुमार, निशा देवी, दीपेंद्र, योगेश कुमार, इंद्र कुमार, विवेक, मयंक व प्रवीण ने योगदान दिया।



रेवाड़ी। स्वतंत्रता दिवस समारोह की बैठक में निर्देश देते डीसी अभिषेक मीणा।

## देश भक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

- नई अनाज मंडी परिसर में होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने 15 अगस्त को जिला मुख्यालय पर मनाए जाने वाले 79वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व गरिमामयी ढंग से देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ मनाने के लिए सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन नई अनाज मंडी परिसर में होगा। उन्होंने अधिकारियों को देश के आजादी के राष्ट्रीय पर्व में गरिमामयी उत्कृष्ट व बेहतरीन कार्यक्रमों का चयन करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत होने के साथ-साथ प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं आपसी समन्वय के साथ पूरी की जाएं। उन्होंने कहा जिला मुख्यालय सहित उपमंडल कोसली व बावल में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल की साफ-सफाई, सौंदर्यकरण, साज-सज्जा, स्वागत गेट, आसपास की सडकों की मरम्मत, स्टेज प्रबंधन, मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सराहनीय कार्य करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों के नॉमिनेशन आमंत्रित किए गए हैं और विभागाध्यक्ष 12 अगस्त तक पात्र कर्मचारी के नाम भेज सकते हैं।

### मौजूद रहे

बैठक में एडीसी राहुल मोढी, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीआरओ प्रदीप देशवाल, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, डीआईओ सचिन कुमार, डीपीसी राजेंद्र शर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभारी एवं कार्यवाहक प्राचार्या डा. ज्योत्सना यादव व पूनम यादव सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

### डीएएसी समाज की कार्यकारिणी का हुआ गठन

# बदलूराम प्रधान और सुरेंद्र खरेरा उपप्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। नव नियुक्त पदाधिकारी समाज के लोगों के साथ। फोटो : हरिभूमि

डीएससी समाज की मीटिंग धारूहेड़ा चुंगी स्थित वाल्मीकि आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधान विजय सिंह इंदौरा ने बताया कि एक अगस्त 2024 को उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण में वर्गीकरण का एक ऐतिहासिक फैसला दिया गया था, जिसके आधार पर हरियाणा सरकार की ओर से डीएससी वर्ग के लिए नौकरियों में अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। वक्ताओं ने कहा कि ओएससी समाज के लोग मेघवाल जाति का सर्टिफिकेट बनवाकर डीएससी आरक्षण का फायदा उठाना चाहते हैं, जिसको डीएससी समाज पुरजोर विरोध करता है। इस अवसर पर ब्लॉक रेवाड़ी की डीएससी कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें बदलूराम को प्रधान, सुरेंद्र खरेरा को उपप्रधान, सज्जन बागड़ी को महासचिव, कुलदीप सरोहा को कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार को प्रेससचिव, उमराव सिंह को समन्वयक तथा धर्मेंद्र मोरवाल को संरक्षक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर आचार्य चुन्नीलाल, सुभाष सोलंकी, भूपसिंह खरेरा, दिलीप डाबला, राजकुमार चांवरिया, पार्षद रोहतास वाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, वेदप्रकाश बनवाल, दयाराम मोरवाल, प्रकाश खनगवाल, ताराचंद कोली, संदीप सोलंकी, रवि प्रकाश, दयानंद आर्य, राजेश डाबला, देशराज डाबला, जीतसिंह बावरिया, नरेश खटीक, धर्मपाल सरपंच, सतपाल सिंह खटीक, सूरज कुमार, अशोक कुमार, धनपत सिंह, पवन किराड़, गजराज निनानिया, शर्मिला, निर्मला देवी, टीनू प्रधान, शिव कुमार, विजय डाबला, मुकेश कुमार, देवेंद्र मालपुरा, सतबीर सोलंकी, राकेश सोलंकी व बाबूलाल कंवाली सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# जन शिकायतों का संवेदनशीलता से निपटारा करें अधिकारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा आमजन की शिकायतें सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में विभागों के अधिकारियों को जन शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी व संतोषजनक समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता से निपटारा करें। उन्होंने कहा कि विभागों के प्रतिनिधि समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा उनकी वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी समयबद्ध रूप से साझा करें। डीसी ने समाधान शिविर में गंदे पानी की निकासी, अवैध कब्जा, पेयजल, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य शिकायतों की सुनवाई करते हुए समाधान किया। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत के शीघ्र निस्तारण में ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। जन शिकायत निवारण प्रणाली को संवेदनशील बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करें।



रेवाड़ी। शिविर में बुजुर्गों को जानकारी देते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### मेडलिक्स डा. आरबी यादव अस्पताल की पहल

# हर शुक्रवार सीनियर सिटीजन के लिए फ्री ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंडियन आर्थोपेडिक ऐसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को मेडलिक्स डा. आरबी यादव अस्पताल में बोन एंड ज्वाइंट दिवस का आयोजन किया गया। पूरी तरह बुजुर्गों को समर्पित इस कार्यक्रम को 'ओल्ड इज गोल्ड, 360 डिग्री केयर फॉर दी एल्डरली।' का नाम दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने इस मौके पर निर्णय लिया कि सप्ताह के हर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बुजुर्गों के लिए फ्री ओपीडी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर डॉ. आरबी यादव अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक निशुल्क हड्डी जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें जोड़ों के सफल सर्जरी किए हुए 65 मरीजों ने लाभ उठाया। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आरबी यादव ने निशुल्क परामर्श एवं सभी मरीजों के एक्स-रे व फिजियोथेरेपी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गइं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेसिडेंट रेवाड़ी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन डा. अनिल यादव ने सभी मरीजों एवं उपस्थित सभीजनों को खानपान, व्यायाम एवं स्वस्थ दिनचर्या के माध्यम से स्वस्थ रहने, कोई तकलीफ होने पर तुरंत परामर्श लेकर अपने आपको स्वस्थ रखने हेतु उपाय बताए। डा. पीसी सिंघला, डा. अशोक सैनी, डा. आत्मप्रकाश, डा. सिद्धार्थ यादव व रमेश सचदेवा उपस्थित थे।

### कोसली के प्रमोद गोयल बने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जज



**कोसली।** कोसली निवासी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश गोयल के बेटे प्रमोद गोयल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जज बनाए गए हैं। वर्तमान में वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश पलवल के पद पर कार्यरत थे। उनका चयन वरिष्ठता के आधार पर हरियाणा-पंजाब हाई कोर्ट के जज पद के लिए हुआ है। सोमवार को चीफ जस्टिस शील नागू ने उन्हें चंडीगढ़ में हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। प्रमोद गोयल के हाईकोर्ट के जज बनने पर कोसली गांव में खुशी की लहर है। कोसली स्टेशन क्षेत्र में रहने वाले उनके भाई सुनील गोयल के घर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। 58 वर्षीय प्रमोद गोयल ने चंडीगढ़ से विधि स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद हाईकोर्ट में वकालत की। उसके बाद वह हरियाणा सरकार के डीएजी भी रहे। सन 2008 में वह न्यायिक सेवा में आए तथा उनकी पहली नियुक्ति फरीदाबाद में एडीशनल सेशन जज के पद पर हुई। 17 साल की सेवा के बाद उन्हें अब वरिष्ठता के आधार पर हाईकोर्ट का जज बनाया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने लार्वा मिलने पर 1312 लोगों को थमाए नोटिस

# स्वास्थ्य विभाग की बढ़ी परेशानी, जोर पकड़ने लगा डेंगू व मलेरिया

- जिले में अब तक 23 डेंगू व 10 मलेरिया पॉजिटिव मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। डेंगू केस मिलने पर डहीना में फोगिंग करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। व रेवाड़ी। नाली में दवाई डालते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

बरसात के बाद जलभराव होन से डेंगू व मलेरिया के केसों में इजाफा होना शुरू हो गया है। डेंगू व मलेरिया बीमारियों का खतरा बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है, क्योंकि प्रतिवर्ष अगस्त से अक्टूबर माह के अंतराल में डेंगू के मामले ज्यादा आते है। जलभराव से मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है। शहर में फोगिंग कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है। सिर्फ डेंगू मिलने वाले क्षेत्र में ही फोगिंग की जा रही है। जिले में अब तक 23 डेंगू पॉजिटिव व 10 मलेरिया के केस मिल चुके है। बरसात के मौसम में सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी भी लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के एचआई, एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर लगातार गांवों व शहरी क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन का कार्य कर रहे है तथा बुखार से पीड़ति लोगों की स्लाइड भी तैयार की जा रही है।

### 406 डेंगू के मरीज मिले थे

गत वर्ष जिले में 406 डेंगू व मलेरिया के 9 केस आए थे। इस बार अभी तक डेंगू के 23 व मलेरिया के 10 केस मिल चुके है। मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि घरों में लार्वा मिलने पर अब तक 1312 लोगों को नोटिस भी थमाए जा चुके है।

इसके अलावा जनवरी से अब तक 1330254 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है। अब तक डेंगू संभावित बुखार पीड़ति 1564 लोगों के सेंपल भी लिए जा चुके है। अभी तक शहर में 4, सीएचसी गुरावड़ा में 4, सीएचसी बावल में 4 व सीएचसी खोल में 10 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।

### डेंगू व मलेरिया बीमारियों के लक्षण

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। बुखार व सिरदर्द, मांसपेशियों, हड्डियों व जोड़ो में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखो में आसपास दर्द, ग्रंथियो में सूजन व स्किन पर लाल चकते हैं तो तुरंत अलर्ट होने की जरूरत है यह डेंगू के लक्षण है। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।



रेवाड़ी। रेजांगला स्मारक पर पौधरोपण करते हुए योग समिति के सदस्य।

## पतंजलि परिवार ने रेजांगला युद्ध स्मारक पर पौधरोपण करके मनाया जड़ी बूटी दिवस

**रेवाड़ी ।** आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन यानि जड़ी बूटी दिवस पर पौधारोपण करके औषधीय पौधे वितरित किए। पतंजलि परिवार ने धारूहेड़ा चुंगी स्थित रेजांगला युद्ध स्मारक में पौधारोपण कर जड़ी बूटी व औषधीय पौधों का वितरण किया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने कहा कि हमें जीवन में आयुर्वेद को अपनाकर अपने आप को स्वस्थ रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि आचार्य बालकृष्ण के अनुसार हमारे घर की रसोई में हर बीमारी का इलाज मौजूद है, हमे आयुर्वेद के अनुसार उनके सही इस्तेमाल की जानकारी हासिल कर प्रयोग करना चाहिए। समिति की जिला महिला प्रभारी सरोज आर्य ने तुलसी, एलोवेरा व गिलोय आदि आयुर्वेदिक पौधे वितरित किए और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी दयानंद आर्य ने कहा कि हमे आयुर्वेद के नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर शीशराम सरपंच, रविंद्र आशावादी, हरिओम शास्त्री, तजेंद्र सिंह, विकास सेन, पुरुषोत्तम, सावित्री, बिमला, कमला, सरोज धारूहेड़ा तहसील प्रभारी, सुदेश, दयावती, सुकेश व मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### यात्रियों की सुविधा के लिए तीन दिन मदार-रोहतक स्पेशल ट्रेन का संचालन

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से आगामी त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए मदार-रोहतक-मदार स्पेशल प्रतिदिन रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09639 मदार-रोहतक स्पेशल प्रतिदिन रेलसेवा 8 अगस्त से 10 अगस्त तक मदार से प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे रवाना होकर दोपहर 12:50 बजे रोहतक पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09640 रोहतक-मदार स्पेशल रेलसेवा 8 अगस्त से 10 अगस्त तक रोहतक से प्रतिदिन दोपहर 1:20 बजे रवाना होकर रात 10:35 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ़, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, भगेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, गोकलगढ़, झज्जर व अस्थल बोहर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 16 साधारण व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

### रेलवे स्टेशन पर बेसुध मिले व्यक्ति की पीजीआई में मौत




**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन रेवाड़ी पर बेसुध हालत में मिले करीब 65 वर्षीय व्यक्ति की रोहतक पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान मौत हो गई। जीआरपी एएसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गत 30 जुलाई को स्टेशन परिसर में एक अज्ञात व्यक्ति की तबीयत खराब होने पर किसी राहगीर ने एंबुलेंस बुलाकर रेवाड़ी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। बेसुध हालत में मिले व्यक्ति को डॉक्टर ने प्रथम उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। इलाज के दौरान भी व्यक्ति को होश नहीं आया और 3 अगस्त को उसकी रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। व्यक्ति के दाएं हाथ पर अंग्रेजी में एचके जाखड़ लिखा हुआ है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है वह कई दिनों से रेलवे स्टेशन पर नजर आता था। पुलिस व्यक्ति की पहचान की कोशिश कर रही है। मृतक के शव को रोहतक पीजीआई के शवगृह में रखवाया गया है।

### नारनौल रोड से झज्जर रोड तक बाइपास अंधेरे में, रात के समय बनी रहती है हादसों की आशंका

# करोड़ों रुपये की लागत से लगाई लाइटें, टेकओवर करने को नहीं कोई तैयार, रोशन नहीं हो रहा बाइपास

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नारनौल रोड को झज्जर रोड से जोड़ने वाले आउटर बाईपास को रोशन करने के लिए लगभग 6 माह पूर्व करोड़ों रुपये की लगात से लाइटें लगाई गई थीं। इन लाइटों का संचालन अपने हाथ में न तो ग्राम पंचायत लेने को तैयार हैं और न ही नगर परिषद। लगने के बाद इन लाइटों की टेस्टिंग तक नहीं हो पाई है। रात के समय बाईपास पर अंधेरा छाया रहता है, जिससे सड़क हादसों की आशंका बनी रहती है। शहर से ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए लगभग डेढ़ साल पहले नारनौल रोड से दोनों ओर आउटर बाइपास का निर्माण कराया गया था। नारनौल रोड से एनएच-48 और एनएच-71 को जोड़ने के लिए बाइपास का निर्माण एनएचएआई की ओर से कराया गया था। जैसलमेर नेशनल हाइवे के नारनौल रोड से ही झज्जर रोड को जोड़ने के लिए बाइपास के एक हिस्से का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से एचएसआरडीसी ने कराया था। गत वर्ष फरवरी माह में पीएम मोदी के माजरा आगमन पर इस बाइपास को चालू किया गया था। पहले बजट की कमी के कारण लंबे समय तक इसका निर्माण अधर में लटका रहा था। बाद में प्रदेश सरकार की ओर से संशोधित बजट पास किया गया था, जिसके बाद बाइपास का निर्माण पूरा हुआ था। निर्माण के बाद बाइपास कई जगहों से टूट गया था, जिससे फिर से बनवाया गया था। इस बाइपास से नारनौल व महेंद्रगढ़ की ओर आकर झज्जर की ओर जाने वाले वाहन शहर में प्रवेश किए बिना ही निकल जाते हैं।




रेवाड़ी। नारनौल रोड को झज्जर रोड से जोड़ने वाले आउटर बाईपास पर लगी स्ट्रीट लाइटें। फोटो :हरिभूमि

### इलेक्ट्रिक विंग ने लगवाई लाइटें

रात के समय सड़क को रोशन करने के लिए बाइपास निर्माण के बाद एचएसआरडीसी की इलेक्ट्रिक विंग ने नारनौल रोड से लेकर झज्जर रोड तक सड़क के दोनों ओर लाइटें लगवाई थीं। इन लाइटों पर लगभग 2 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान बताया जा रहा है। एचएसआरडीसी इन लाइटों के लिए बिजली कनेक्शन लेने की स्थिति में नहीं है। निगम का प्रयास था कि लाइटें लगाकर इन्हें नगर परिषद के हवाले कर दिया जाए, परंतु नगर परिषद अधिकारियों ने इसे अपनी सीमा से बाहर का एरिया बताकर पल्ला झाड़ लिया।

### बिजली खर्च उठाने को तैयार नहीं

यह रोड नगर परिषद की सीमा से दूर तीन गांवों की सीमा से निकलता है। एचएसआईडीसी ने संबंधित ग्राम पंचायतों से भी अपने-अपने एरिया की लाइटों को टेकओवर करने के लिए आग्रह किया था, परंतु ग्राम पंचायतें भी इन्हें अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं। अगर ग्राम पंचायतें इन लाइटों को टेकओवर करती हैं, तो उन्हें भारी-भरकम बिजली के बिल का भुगतान करना पड़ेगा। ग्राम पंचायतों का आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा, जबकि आय के नाम पर उन्हें अतिरिक्त कुछ नहीं मिलेगा।

#### ग्राम पंचायतों और नगर परिषद को लिखा जा चुका

इलेक्ट्रिक विंग की ओर से लाइटें लगाने का कार्य काफी समय पूर्व पूरा किया जा चुका है। इन्हें टेकओवर करने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों और नगर परिषद को लिखा जा चुका है। नगर परिषद से सीमा से बाहर का मामला बताते हुए टेकओवर करने से मना कर दिया है। अगर ग्राम पंचायतें टेकओवर करने के लिए आगे आती हैं, तो सभी लाइटों को चालू अवस्था में उनके हवाले कर दिया जाएगा।

-सोमबीर दहिया, एक्सईएन, एचएसआरडीसी।

#### सड़क पर छाया रहता है अंधेरा


लाइटें लगने के बाद अभी तक चालू नहीं हो सकी हैं, जिस कारण रात के समय बाइपास पर अंधेरा छाया रहता है। इस बाइपास पर दो जगह आरओबी बने हुए हैं। रोड पर कई जगह लेवलिंग भी सही नहीं है। रात को अंधेरे में इससे सड़क हादसों की आशंका बनी रहती है। दूसरी ओर नई लगाने के बाद चालू नहीं किए जाने से मेंटिनेंस के अभाव में यह महंगी लाइटें खराब होनी भी शुरू हो गई हैं। इनके पोल भी आड़े-तिरछे नजर आने लगे हैं, जिससे लाइटों के खराब होने की आशंका भी बनी हुई है।

## सिंधु दर्शन यात्रा संगठन में एमपी गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सहित दो को प्रदेश का दायित्व

*बैठक में संगठन का विस्तार कर जिम्मेदारियां सौंपी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


समाजसेवी एमपी गोयल


लक्ष्मी नारायण शर्मा


सत्य प्रकाश गौतम

हिमालय परिवार और सिंधु दर्शन यात्रा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक अग्रसेन वाटिकां पुरानी दिल्ली में डा. इंद्रेश कुमार मुख्य प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में संगठन का विस्तार कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। रेवाड़ी से समाजसेवी एमपी गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण शर्मा सीहा को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष और सत्य प्रकाश गौतम को हरियाणा प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने डा. इंद्रेश कुमार की मुख्य प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राष्ट्रीय महामंत्री भूपेंद्र कंसल, सिंधु भवन लेह लद्दाख के कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल चरण गर्ग और सिंधु दर्शन यात्रा के अध्यक्ष मखीजा का आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि ये केवल एक पद ही नहीं,बल्कि हरियाणा प्रदेश की टीम को सेवा संस्कार और समर्पण का वचन है। प्रथम सिंधु महाकुंभ के रूप में आयोजित होने वाली 30वीं सिंधु दर्शन यात्रा को सफल बनाकर देश भक्ति,सनातन संस्कृति, सिंधु की पवित्रता, अखंड भारत के सपने को साकार किया जाएगा। इस मौके पर रेवाड़ी से नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज, तेजवान कुकरेजा, पुनीत वशिष्ठ, रामनिवास बेनीवाल, एडवोकेट शौकीन शर्मा, बीडी अग्रवाल, उदयराम, मास्टर कुशलपाल, हनुमान, राजकमल चौहान, गोविंद, राजीव सोनीपत व शिवकुमार नारनौल मौजूद थे।

### नांगल मूंदी में मेला व खेल प्रतियोगिता 7 को, रात्रि को होगा बाबा का जागरण

**नांगल मूंदी।** गांव नांगल मूंदी में प्रत्येक वर्ष की भांति विशाल अखाड़ा खेलकूद प्रतियोगिता व मेले का आयोजन किया जाएगा। कमेटी प्रधान रमेश कुमार व सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया की बाबा ताराचंद दास की स्मृति में 06 अगस्त को रात्रि जागरण होगा व 07 अगस्त को भंडारा, खेलकूद प्रतियोगिता व मेले का आयोजन किया जाएगा। जागरण व भंडारे का आयोजन नांगल निवासी सूबेदार अशोक कुमार के सहयोग से किया जाएगा। रात्रि जागरण में भूपेन्द्र पालिया रेवाड़ी, राजू गोला तिजारा, मधुर शर्मा भिवानी व पूनम चौधरी रोहतक आदि कलाकार बाबा की स्तुति में अपनी प्रस्तुति देंगे। 7 अगस्त को होने वाले मेले के मुख्यातिथि करनावास निवासी मनोज कुमार रहेंगे, हरियाणा कैडर की आईपीएस अधिकारी उपासना यादव पुरस्कार वितरित करेंगी। प्रोग्राम की अध्यक्षता राजू कोसलिया नांगल मूंदी करेंगे। खेलो में सर्कल कबड्डी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता टीम को 61 हजार रुपये व उपविजेता को 41 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## सरस्वती स्कूल के छात्रों ने अंडर-11 ब्लॉक स्तरीय खेलों में लहराया परचम

*विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया*




रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सरस्वती स्कूल गुड़ियानी के छात्रों ने अंडर-11 ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। वहीं कुश्ती प्रतियोगिता में 28 किलोग्राम भार वर्ग में हन्नी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। यह सफलता कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत करने और नियमित अभ्यास करने की सलाह दी।

### नठेड़ा के शिव मंदिर में शिविर 7 को

**कोसली।** नठेड़ा गांव के शिव मंदिर में 7 अगस्त को फैमिली आईडी विभाग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार के कार्डों व पेंशन संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को सरकार की नई लाडों लक्ष्मी योजना की जानकारी भी दी जाएगी। इसके लिए फैमिली आईडी व आधार कार्ड साथ लेकर आना होगा। सरपंच मनोज कुमार ने बताया कि शिविर में विभाग के स्टेट कोआर्डिनेटर डा. सतीश खोला विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## मकान के बाहर सोया था परिवार, चोरों ने नकदी व जेवरात उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



ढाणी अहीरान में चोर एक मकान से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात के समय रात को परिवार घर के बाहर सोया हुआ था। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया।

पुलिस शिकायत में अतर सिंह ने बताया कि वह परिवार सहित रात को घर के बाहर सोया हुआ था। सुबह जब परिवार के सदस्य उठे, तो मकान के कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। कमरे में सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर कमरे में रखी संदूक से सोने की चेन, सोने के कुंडल, चांदी के सिक्के व लगभग 40 हजार रुपये सहित कई जेवरात चोरी कर ले गए। अतर सिंह ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। चोरी का केस दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

**बंद कैमरों का उठाया चोरों ने फायदा :** अतर सिंह ने बताया कि गांव की गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, परंतु यह कैमरे कई दिनों से खराब पड़े हुए हैं।

मैकेनिक ने कैमरों को ठीक करने के लिए डीवीआर निकाली हुई थी, जिस कारण चोरी की वारदात कैमरों में कैद नहीं हो सकी। जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जल्द आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

### ट्रेनों में एसी कोच भी सुरक्षित नहीं लाखों के जेवरात का पर्स उड़ाया

**रेवाड़ी।** ट्रेनों में चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चोर एसी कोच में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। एसी कोच में गुरूग्राम जा रहे एक दंपति का पर्स चोरी हो गया, जिसमें लगभग 6 लाख रुपये के जेवरात और नकदी थी। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी। जयपुर के गोपाल नगर निवासी नीरज ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह एक कंपनी में इंजीनियर है। पत्नी को साथ लेकर वह एक्सप्रेस ट्रेन के थर्ड एसी कोच में गुरूग्राम जा रहा था। लोहारू व रेवाड़ी के बीच किसी ने उनका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में सोने की चूड़ियां, सोने के कड़े, 15 हजार रुपये और अन्य सामान था। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। इससे पूर्व भी ट्रेनों में लगातार चोरी की वारदात हो रही हैं, परंतु पुलिस किसी बड़े गिरोह का खुलासा करने में कामयाब नहीं हुई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**रेवाड़ी।** रविवार रात्रि ट्रेन की चपेट में आने से करीब 34 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी एसआई कैलाश चंद ने बताया कि रविवार रात्रि न्यू रेवाड़ी स्टेशन से न्यू अटेली स्टेशन के बीच कुंड स्टेशन रेलवे ट्रैक पास एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके जांच पर पहुंची महिला एचसी सुमनलता को व्यक्ति की पहचान के कोई कागजात नहीं मिले। जीआरपी ने मृतक के शव को शिनाख्त के लिए नारनौल के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है।

**श्रद्धाभाव** भोले का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में पूरे दिन लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

## सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में गूंजा भोले का जयकारा

- महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। सावन के अंतिम सोमवार को नई अनाजमंडी शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु व सोमवार को घंटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

देवों के देव महादेव का प्रिय महीने सावन का 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर समापन होगा। सावन माह के आखिरी सोमवार को शिवभक्तों ने शहर के घंटेश्वर महादेव मंदिर, नई अनाजमंडी शिव मंदिर, सोलहराही भूतेश्वर महादेव मंदिर, बारा पत्थर भूतेश्वर महादेव मंदिर व शिव चौक स्थित जिले के सभी मंदिरों में पूरे श्रद्धाभाव से महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने मंगलकामना के लिए व्रत भी रखा।

मान्यता है कि सावन के सोमवार का व्रत रखने और पूजा करने से जीवन की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। कहा जाता है कि भगवान शिव ने भी सावन माह के बारे में कहा है कि मेरे तीनों नेत्रों में सूर्य दाहिने, चंद्र बाएं और मध्य में अग्नि का वास है। जब सूर्य कर्क राशि में गोचर करता है तब सावन माह की शुरूआत होती है। सावन माह में खूब बारिश होती है, जिससे लोक कल्याण के लिए विष का सेवन करने वाले महादेव को ठंडक व सुकून मिलता है। शहर के सभी मंदिरों व शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिरों में हर-हर महादेव का जयकारा गूंजायमान रहा।

**श्रावण मास में पूजा का विशेष विधान :** आचार्य अजय शास्त्री ने कहा कि सोमवार का व्रत रखकर महादेव की पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों पर भोलेनाथ की विशेष कृपा बरसती है।

श्रावण के सोमवार को व्रत रखकर महादेव की पूजा करने का श्रावण मास में विशेष विधान है। यदि महादेव से मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की जाए, तो भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूरी करते हैं। श्रद्धालुओं ने वेलपत्र, धूप, नैवैद्य, गंगाजल, भांग, धतूरा, दूध, दही व धूप-दीप से विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में सावन माह केआखिरी सोमवार पर भक्तों का तांता लगा रहा और हर कोई भक्त भोले बाबा का जलाभिषेक करने के लिए उत्साहित दिखाई दिया।



रेवाड़ी। मंदिर में माता को झूला झुलाते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### उत्तम नगर मंदिर में धूमधाम से मनाया मां कांगड़ा वाली का जन्मोत्सव

**रेवाड़ी।** उत्तम नगर स्थित मां कांगड़ा वाली के मंदिर में माता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्रृद्धालुओं ने बाल कन्या के माता रूपी स्वरुप का विधि-विधान से पूजन किया तथा झूले पर बैठाकर झुलाया गया। नवदुर्गा महिला भजन मंडली की ओर से मनमोहक भजनों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया गया। मंडली की ओर से गाए गए भजन 'मेरा नगरकोट स्थान, पीपल में भवानी झूम रही' पर श्रृद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नगर पार्षद रेखा यादव व मंदिर की संरक्षक सुरेश कमलपोस ने माता को झूला झुलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर सीमा, आशी, पिंकी, अनु, भारती आदि मौजूद रहे।